समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# पहलगाम हमला : पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन पर फारूक अब्दुल्ला का बड़ा बयान, 'मै पीएम मोदी...'

Publisher

Published on 02 May 2025



पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं एक नागरिक होने के नाते, मैं पीएम मोदी के साथ हूं. जो भी वो फैसला लेंगे मैं उसके साथ हूं.

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम के आतंकियों को दरिंदा बताया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकियों के खिलाफ जो भी एक्शन लेंगे, वो उनके साथ हैं.

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा, "जो खूबसूरती को देखने गए, आराम के लिए गए, उनको खड़ा करके, धर्म पूछकर गोली मारी गई. वो इंसान नहीं, दरिंदे हैं. उनके साथ वो करना चाहिए जो पहले कभी नहीं हुआ, दुनिया में इसकी निंदा की गई. ये नहीं होना चाहिए था. ये बंद होना चाहिए."

पाकिस्तान की तरफ फारूक अब्दुल्ला का इशारा
उन्होंने बातचीत में कहा, "मैं एक नागरिक होने के नाते, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हूं. जो भी वो फैसला लेंगे मैं उसके साथ हूं. सभी चाहते हैं कि आतंकवाद का खात्मा हो. जो भी उसके पीछे है, कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वो कोई वतन ही क्यों नहीं हो. करगिल में उसने कहा कि मैं नहीं हूं. मुंबई हमले के बाद भी कहा कि मैं नहीं हूं. आप ही बंदूक दे रहे हैं. हमने मसूद अजहर को छोड़ दिया, मैंने उस समय विरोध किया."

आतंकवाद की फैक्ट्री खत्म करनी होगी- फारूक अब्दुल्ला
फारूक अब्दुल्ला ने कहा, "आतंकवाद की फैक्ट्री खत्म करनी होगी. जब भी आक्रमण हुआ है, उनकी (पाकिस्तान) तरफ से हुआ है. हमने शुरू नहीं किया. उसने शुरू किया. फिर हमने कार्रवाई की. हम इंसानियत के पक्षधर हैं. ये महात्मा गांधी का देश है."

पाकिस्तान से बातचीत के सवाल पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं अफसोस करता हूं कि मैं इसकी बात करता था. वो टेबल पर

आना ही नहीं चाहते हैं. क्या कश्मीर उनके साथ जा सकता है. कभी नहीं. जिनको पाकिस्तान जाना था, वो काफी पहले जा चुके हैं.

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी. इस हमले के बाद मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं. माना जा रहा है कि जल्द ही सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई कर सकती है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.